# 200 देशों में चमका ब्रांड यूपी

अमर उजाला ब्यूरो



**लखनऊ।** दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य लेकर चले यूपी के नाम इस साल तमाम उपलब्धियां दर्ज हुईं। एक तरफ वैश्विक निवेशक सम्मेलन, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिये दुनियाभर के सामने औद्योगिक नीतियां पेश कर ब्रांड यूपी की छवि को और मजबूत बनाया तो दूसरी तरफ विश्वकप, आईपीएल और पहली मोटो जीपी रेस का सफल आयोजन कर 200 से ज्यादा देशों से सीधा संबंध स्थापित करने में सफलता मिली।

दुनिया की कॉमर्शियल वाहन बनाने में दुनिया की तीसरी दिग्गज कंपनी ने यूपी में कदम रखा। कंपनी यूपी में पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रक बनाने का प्लांट लगाएगी। हिन्दुजा समूह यूपी में पहला इलेक्ट्रिक कॉमर्शियल वाहनों का संयंत्र स्थापित करेगा। इस एक सफलता ने यूपी में ईवी इंडस्ट्री का सबसे बड़ा रास्ता खोला।

नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में नया शहर बसाने के एलान ने पूरे प्रदेश की ब्रांडिंग में अहम भूमिका निभाई। नया औद्योगिक शहर 36000 एकड़ में बसेगा।

## यूपी वैश्विक निवेशक सम्मेलन के पार्टनर बने विकसित देश




इस वर्ष 10 से 12 फरवरी के बीच वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 20 हजार से ज्यादा करार हुए। 39 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए। तीन दिन में 25 देशों के 10 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि आए। 16 देशों में रोड शो हुए। पहली बार अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, जर्मनी, नीदरलैंड और यूएई यूपी के 'पार्टनर कंट्री' बने।

### यूपी इंटरनेशनल मेगा ट्रेड शो देश का पहला शो

वैश्विक निवेशक सम्मेलन की सफलता के बाद 21 से 25 सितंबर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो किसी भी राज्य सरकार का अपनी तरह का पहला व्यापार मेला था। इसमें 60 से ज्यादा देशों के 500 खरीदार उमड़े। तीन लाख की भीड़ उमड़ी।

## मोटो जीपी : रेसिंग स्पोर्ट्स का भी हब बनकर उभरा यूपी

22 से 24 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में मोटो जीपी रेस के साथ यूपी रेसिंग स्पोर्ट्स में भारत का इकलौता हब बनकर उभरा। प्रदेश सरकार ने 200 से ज्यादा देशों में यूपी को एक ब्रांड के रूप प्रचारित किया। 205 देशों में रेस का लाइव प्रसारण किया गया।



मोटो जीपी रेस के बहाने यूपी में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्लू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी जैसी 275 दिग्गज कंपनियों के प्रमुख एक साथ आए और यहां की तरक्की देखी। इस आयोजन से मोटो जीपी रेस का आयोजन करने वाला दुनिया का 30वां देश भारत बना। ये उपलब्धि यूपी के खाते में आई। इसके अलावा इंडियन प्रीमियर लीग के सात मैचों की सफल मेजबानी कर क्षमता साबित की। विश्वकप क्रिकेट के पांच मैच यूपी को मिले।

### ब्रांड यूपी के खास कारक

| 20 | 56% |
|---|---|
| से ज्यादा औद्योगिक नीतियां | आबादी 40 वर्ष से कम |

- तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था देश की
- 18 फीसदी सालाना वृद्धि निर्यात में
- ईज ऑफ डूइंग में दूसरा स्थान
- सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश
- देश में सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क

## उद्योगों से जुड़ी पॉलिसी ने आसान किया कारोबार

- एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों की निवेश प्रोत्साहन नीति 2023
- उप्र. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति
- खेल नीति
- इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति
- वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति 2022
- आईटी और इलेक्ट्रानिक्स पॉलिसी

### डिफेंस कॉरिडोर के लिए 25 हजार करोड़ के करार

डिफेंस कॉरिडोर में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये के प्रस्ताव फाइनल हुए हैं। प्रदेश के छह नोड जिलों अलीगढ़, झांसी, कानपुर, आगरा, चित्रकूट और लखनऊ में अभी तक 138 एमओयू हो चुके हैं। प्रदेश में मानवरहित ड्रोन, हथियार, सेना के लिए विशेष कपड़े और टेक्सटाइल, गोला बारूद, ब्रह्मोस मिसाइल आदि तैयार हो रहे हैं। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस, एंकर रिसर्च लैब, जेनसेर, सेल, एमिटेक, ब्रह्मोस एरोस्पेस, टाटा टेक्नोलाजीज, भारत डायनामिक्स जैसी दर्जनों कंपनियों ने काम शुरू भी कर दिया है।

### सबसे ज्यादा एयरपोर्ट वाला प्रदेश

प्रदेश में पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों ने दुनिया भर से सीधी कनेक्टिविटी के रास्ते खोल दिए हैं। यह देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां आपको भारत में सबसे अधिक हवाई अड्डे मिलेंगे। इसके अतिरिक्त रीजनल कनेक्टिविटी के जरिये प्रदेश के सभी प्रमुख जिलों को आपस में हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है।